This question paper contains **4+2** printed pages]

2382-P

II Year Arts EXAMINATION, 2018

HINDI LITERATURE

Paper II

(गद्य)

Time allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Part A (खण्ड 'अ') [Marks : **20**]

*Answer all questions (**50** words each).*
***All** questions carry equal marks.*

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

Part B (खण्ड 'ब') [Marks : **50**]

*Answer five questions (**250** words each), selecting **one** question from each Unit.*
***All** questions carry equal marks.*

*प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

Part C (खण्ड 'स') [Marks : **30**]

*Answer any two questions (**300** words each).*
***All** questions carry equal marks.*

*कोई **दो** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

P.T.O.

खण्ड 'अ'

1. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

इकाई I

(*i*) 'पंच परमेश्वर' किस तरह की विधा है ?

(*ii*) "हार की जीत" कहानी का प्रमुख नायक कौन था ?

इकाई II

(*iii*) 'कुटज' निबन्ध संग्रह के रचनाकार का नाम बताइये।

(*iv*) 'सीमा रेखा' किस तरह की विधा है ?

इकाई III

(*v*) 'कफन' कहानी के लेखक का नाम बताइये।

(*vi*) 'चम्पा' किस कहानी की प्रमुख नायिका है ?

इकाई IV

(*vii*) 'पाजेब' कहानी के लेखक का नाम बताइये।

(*viii*) 'गदल' कहानी में किस कुप्रथा का उल्लेख किया गया है ?

इकाई V

(*ix*) हिन्दी के प्रमुख **चार** आलोचकों के नाम लिखिए।

(*x*) 'कलम का सिपाही' जीवनी के लेखक का नाम बताइये।

खण्ड 'ब'

इकाई I

निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

2. "पंच की इच्छा के विरुद्ध चलना परमेश्वर की इच्छा के विरुद्ध चलना है, और परमेश्वर की इच्छा के विरुद्ध चलना पाप है, जिसका दण्ड भोग किए बिना किसी का बचाव नहीं। इसमें महात्मापन काम नहीं आता। पर ऐसे पुरुषरत्न कभी कहीं सैकड़ों सहस्रों वर्ष पीछे लाखों करोड़ों में से एक आध दिखाई देते हैं। सो भी किसी ऐसे नए काम की नींव डालने को जिसका बहुत दिन आगे पीछे लाखों लोगों को शान गुमान भी नहीं होता। अत: ऐसों को संसार में गिनना ही व्यर्थ है।"

अथवा

3. "गहरेबाज एक्का 'केपिटलिस्ट' समुदाय का प्रतिनिधि है। ऐसे एक्कों के घोड़े महाजनों के समान मोटे, चापलूसों के समान ताबेदार और पूँजीपतियों के समान अकड़ने वाले होते हैं। इनके एक्केबान अफलातून के अब्बा और सुकरात के बाबा से अपने को कम नहीं समझते।"

इकाई II

4. 'सीमा रेखा' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए तथा कहानी का चरित्र-चित्रण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

5. कबीर ने ज्ञान और कर्म तथा प्रवृत्ति और निवृत्ति के मध्य जो सामंजस्य प्रस्तुत किया है, उसे समझाइये।

इकाई III

6. 'खुदाराम' कहानी का उद्देश्य समझाइये।

अथवा

7. इलाचन्द्र जोशी की 'रेल की यात्रा' कहानी एक मनोवैज्ञानिक कहानी है। समझाइये।

इकाई IV

8. 'गदल' कहानी की प्रमुख नायिका गदल की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

9. 'पाजेब' बालमनोवैज्ञानिक कहानी है। स्पष्ट कीजिए।

इकाई V

10. नाटक के तत्वों का विस्तार से विवेचन कीजिए।

अथवा

11. हिन्दी साहित्य की निम्न विधियों पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए :

(*i*) जीवनी अथवा आत्मकथा

(*ii*) रिपोर्ताज।

खण्ड 'स'

12. 'मेरी जन्मभूमि' निबन्ध में अभिव्यक्त कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

13. यायावरवृत्ति की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

14. कथानक एवं शिल्पगत नवीनता की दृष्टि से 'अंधेरे में' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

15. हिन्दी में आलोचना विधा के विकासक्रम को स्पष्ट कीजिए।